राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

अपेक्स विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षान्त समारोह आयोजित

सभी को समान विकास के अवसर मिले, विश्वविद्यालय इसके संवाहक बने

राज्यपाल ने कहा, शिक्षा मनुष्य को मानवीय बनाती है

जयपुर, 25 अक्टूबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि शिक्षा व्यक्ति को मानवीय बनाती है। उन्होंने शिक्षा के जरिए राष्ट्र और समाज के विकास के लिए कार्य करने, इसके जरिए विकसित भारत में योगदान किए जाने पर जोर दिया।

श्री बागडे शुक्रवार को अपेक्स विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षान्त समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्राचीन तक्षशिला और नालंदा विश्वविद्यालयों की चर्चा करते हुए कहा कि यहां पर किसी एक विषयों नहीं सभी विषयों में पढ़ाई होती थी। नई शिक्षा नीति में भी इसी पर जोर दिया गया है कि विद्यार्थी सभी विषयों में निष्णात होए और उसका सर्वांगीण विकास हो।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों द्वारा भारत की ज्ञान परंपरा पर दृष्टि विकसित किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि व्यष्टि और समष्टि को जोड़ने वाला प्रथम सूत्र शिक्षा ही है। उन्होंने शिक्षा के जरिए सभी के समान विकास के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

इससे पहले राज्यपाल ने विद्यार्थियों को उपाधियां और पदक प्रदान करते हुए विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

———————

APEX

Dr Sagar Mal Juniwal's
APEX
UNIVERSITY

डॉ. सागरमल जूनीवाल
अपेक्स विश्वविद्याल
APEX